जागरण

रतलाम में नकली घी के कारोबार का भंडाफोड़, 1610 लीटर माल जब्त, यूपी से लाकर बाजार में खपाया जा रहा था

डिजिटल डेस्क, इंदौर। रतलाम के नयागांव टैंकर रोड स्थित ग्लोबस सिटी कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने नकली घी की बड़ी खेप पकड़ी। एक मकान में गोदाम बनाकर रखे गए 1610 लीटर घी को जब्त कर उसी परिसर के एक कमरे में सील कर दिया गया। आशंका है कि यह घी उत्तर प्रदेश से मंगाकर रतलाम में 'देशी घी' के नाम पर बेचा जा रहा था।

उपभोक्ता शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडेय और जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता की अगुआई में दोपहर करीब तीन बजे दबिश दी गई। तलाशी के दौरान यूपी फ्रेश क्वालिटी और मदर बेस्ट काउ घी ब्रांड नाम से पैक घी के बड़े डिब्बों के साथ 200 ग्राम, 400 ग्राम और अन्य वजन के पैकेट मिले।

Source: https://www.jagran.com/madhya-pradesh/indore-ratlam-1610-liters-fake-ghee-seized-up-link-suspected-40156518.html